राष्ट्रीय सेवा योजना 'बी' प्रमाण पत्र पात्रता परीक्षा का सफल आयोजन

आज दिनांक 15.06.2018 को पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'बी' प्रमाण पत्र के लिये साक्षात्कार परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. पी. एस बघेल एव कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छः छात्र एवं मतस्य विज्ञान महाविद्यालय के सोलह छात्र सम्मिलित हुए। स्वयं सेवको के साक्षात्कार के लिये रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के अधिकारी डॉ. अशोक मराठे उपस्थित हुये।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा निर्धारित दो वर्ष की अवधि पूरी करने के साथ एक सात दिवसीय शिविर को पूरा किया। जिसके उपरांत स्वयं सेवकों का साक्षात्कार के लिये बुलाया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. आर. पी. एस बघेल द्वारा स्वयं सेवकों को नियमित गतिविधियों एवं सात दिवसीय शिविर के कार्य की सराहना एवं उत्साहवर्धन किया। साक्षात्कार परीक्षा के लिये आये डॉ. अशोक मराठे द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों एवं कार्य पर प्रकाश डाला गया तथा उत्कृष्ट कार्यक्रम हेतु बधाइयां प्रदान की।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर